षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 मंगलवार, दिनांक- 02 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.16 बजे पूर्वा० तक ।

[1] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा दिनांक 01.07.2019 को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में समिति की निम्न अनुशंसाओं को सदन में रखा गया :-

(i) शुक्रवार, दिनांक 28 जून, 2019 को निर्धारित वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन, शुक्रवार, दिनांक-19 जुलाई, 2019 को गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य के पूर्व होंगे तथा शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

समिति द्वारा की गयी उक्त अनुशंसाओं पर सभा की सहमति हुई ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-39 अपृष्ट ।

(iii) 78 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि कल ही मैंने अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर तथा लोक महत्ता को देखते हुए कार्य स्थगन का प्रस्ताव स्वीकृत किया और उस गंभीर विषय पर चर्चा भी करायी गई । आप अगर आज के लिए सूचीबद्ध माननीय सदस्यों के महत्वपूर्ण प्रश्नों को नहीं होने देना चाहते हैं तो यह सही नहीं है । साथ ही प्रश्नकाल को चलने देने का विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया ।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा भी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे सदन को चलाने में सहयोग करें, सरकार आपके सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार है ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.08 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[3] **वित्तीय कार्य** :-

वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार का उत्तर :-

(दिनांक-01 जुलाई, 2019 से जारी)

वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना पक्ष रखा :-

1. श्री प्रभुनाथ प्रसाद
2. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
3. श्री अमीत कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)

4. श्री बशिष्ठ सिंह
5. श्री महबूब आलम
6. डा० रामानुज प्रसाद
7. श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सरकार की ओर से विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[4] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-03 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।